संसदीय विद्यापीठ वार्षिक पुरस्कार समारोह में युवा सांसदों को सम्मान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः आज पं. कुंजीलाल राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ द्वारा आयोजित वार्षिक युवा संसद प्रतियोगिता पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि मा. डॉ. ए.पी. सिंह, अध्यक्ष मप्र मानव अधिकार आयोग ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए नागरिकों की सतत जागरूकता आवश्यक है।

उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए बताया कि संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार ही मानव अधिकार हैं, जिनका संरक्षण मानव अधिकार आयोग करता है।

संसदीय प्रणाली में जनता के लिए जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के माध्यम से शासन चलता है। डॉ. सिंह ने संसदीय विद्यापीठ की संचालक डॉ. प्रतिमा यादव द्वारा संसदीय विषयों पर किए गए नवाचारों की सराहना की। उन्होंने बताया कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन ही लोकतंत्र को मज़बूत बनाता है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. थापक, वॉइस चांसलर एल एन सी टी यूनिवर्सिटी, एम.के. राजोरिया उपसंचालक, अन्य अधिकारी, अध्यापक, प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित थे। समारोह में युवाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए युवा संसद पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम ने युवाओं में संसदीय प्रणाली और लोकतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण संदेश दिया और भविष्य के जिम्मेदार नागरिक तैयार करने में प्रेरक भूमिका निभाई।

मप्र में औद्योगिक विकास को मिला नया प्रोत्साहन

नप्र, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई निवेश संवर्धन संबंधी मंत्रि-परिषद समिति सीसीआईपी की बैठक में राज्य में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के प्रस्तावों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 में उद्योग और रोजगार को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों से नए निवेश आए हैं और पूरे राज्य में औद्योगिक विकास का अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है। बैठक में 12 प्रमुख इकाइयों के निवेश प्रस्तावों पर विचार किया गया, जिनमें पेप्सिको इंडिया होल्डिंग्स, पिनेकल मोबिलिटी सॉल्यूशन्स, ट्राइडेंट, अंबुजा कंक्रीट नॉर्थ, अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजी, बालाजी वेफर्स, बारमॉल्ट मॉल्टिंग इंडिया, एसीसी, एलेंबिक फार्मास्युटिकल्स, रॉलसर टायर और दौलतराम एन.आर.ई.सी. लोकोमोटिव्स शामिल हैं। इन इकाइयों की स्थापना से लगभग 12 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

रिटायर्ड न्यायाधीश के घर से चार एलपीजी सिलेंडर चोरी

बाइक सवार तीन युवक फरार, चार स्कूलों से 11 सिलेंडर चोरी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः एलपीजी संकट के बीच भोपाल और कटनी में सिलेंडर चोरी की घटनाओं ने सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लालघाटी इलाके के ओम शिव नगर में 15 मार्च की रात रिटायर्ड न्यायाधीश स्व. विमल कुमार जैन के घर से चार खाली गैस सिलेंडर चोरी हो गए। फरियादी रॉबिन जैन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि देर रात तीन युवक बाइक पर आए। एक युवक घर के अंदर झांका और साथियों को इशारा किया। थोड़ी देर बाद दो युवक वापस आए और घर की पार्किंग से एक-एक कर चारों सिलेंडर उठा कर बाइक पर रख लिए और फरार हो गए। रॉबिन ने बताया कि चोरी गए सिलेंडर में एक भारत गैस और तीन इंडेन के थे, सभी खाली थे और उनकी अनुमानित कीमत लगभग छह हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर चोरों की पहचान करना शुरू कर दिया है और उनकी जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिया है। उधर, कटनी के बड़वारा थाना क्षेत्र में एक ही सप्ताह में चार सरकारी स्कूलों से 11 एलपीजी सिलेंडर चोरी होने के मामले सामने आए हैं। शासकीय माध्यमिक शाला भजिया से चार भरे हुए और भजिया कन्या शाला से एक सिलेंडर चोरी हुआ। इसके अलावा शासकीय माध्यमिक शाला परसेल और शासकीय माध्यमिक विद्यालय पनशोखर से तीन-तीन सिलेंडर चोरी होने की शिकायतें मिली हैं।

कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा ने बताया कि सभी मामलों में एफआईआर दर्ज की जा रही है। विशेष टीमें सक्रिय कर दी गई हैं और चोरों की जल्द गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है।

दोनों शहरों में चोरी की घटनाओं ने नागरिकों में चिंता बढ़ा दी है। पुलिस ने कहा कि सिलेंडर चोरी रोकने के लिए सीसीटीवी और पैट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी। रिटायर्ड न्यायाधीश के घर की घटना और सरकारी स्कूलों में चोरी यह दर्शाती है कि एलपीजी सिलेंडरों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ाने की आवश्यकता है। भोपाल और कटनी पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। चोरी के मामलों की जांच में तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज का सहारा लिया जा रहा है।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सौंपे ज्ञापन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अखिल भारतीय राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत करते हुए देशभर के 807 जिलों में जिला कलेक्टरों के माध्यम से प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गए। मध्यप्रदेश के सभी 55 जिलों में भी यह अभियान चलाया गया।

महासंघ ने प्रमुख मांगों में देशभर में रिक्त लगभग 1 करोड़ 40 लाख चतुर्थ श्रेणी पदों पर शीघ्र सीधी भर्ती, पुरानी पेंशन बहाली, स्थायी, दैनिक वेतनभोगी एवं अंशकालीन कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं देने तथा 'समान कार्य-समान वेतन' लागू करने की मांग रखी। इसके अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, कोटवार, आशा कार्यकर्ता और मिड-डे मील रसोइयों को न्यूनतम 30000 रुपये वेतन देने और भर्ती नियम तय करने की भी मांग की गई।

महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव महेंद्र शर्मा ने बताया कि आउटसोर्स भर्ती बंद कर वर्तमान कर्मचारियों का नियमितीकरण और आउटसोर्स आयोग के गठन की भी मांग उठाई गई है। इस दौरान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर भार्गव सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्राचीन झूलेलाल मंदिर में मनेगा 20 को चैतीचांद उत्सव

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः संतनगर के एच-वार्ड स्थित सबसे प्राचीन पूज्य झूलेलाल मंदिर में 'चेटीचंड' का पर्व मनाया जाएगा। 20 मार्च शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे विशेष अतिथियों द्वारा ज्योति प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। बता दे मंदिर विगत 60 वर्षों से भी अधिक समय से निरंतर अखंड जोत प्रज्जवलित हो रही है। ज्योति की स्थापना 'ठकुर साहब' द्वारा की गई थी। कहा, जाता है कि यहाँ सबसे पहले ज्योति ही जलाई गई, जिसके बाद भगवान झूलेलाल जी की तस्वीर और फिर मूर्ति की स्थापना हुई। मंदिर प्रबंधन द्वारा पिछले 50 वर्षों से चेट्रीचंड पर मुंडन और जनेऊ संस्कार की निःशुल्क व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन और पारंपरिक 'छेज' नृत्य के साथ सुखो-सेसा का प्रसाद वितरित किया जाएगा। चैतीचांद पर पूरे मंदिर मार्ग को रोशनी से सजाया गया है।

पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

नप्र, भोपालः रानी कमलापति स्टेशन के पास ट्रेन से उतरकर पटरी पार करते समय दूसरी ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने कागजी कार्यवाही कर शव को पीएम के लिये रवाना कर दिया।

बागसेवनिया पुलिस के अनुसार बागसेवनिया इलाके में रहने वाले राधेश्याम गुप्ता (69) रिटायर्ड शासकीय कर्मचारी थे। बीते दिनों वे बेटी-दामाद से मिलने के लिए नर्मदापुरम गए थे। सोमवार को दामाद ने नर्मदापुरम से उन्हें जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में बैठा दिया। ट्रेन अपने अंतिम स्टॉपे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचने से पहले हबीबगंज नाके के पास धीमी हुई। ट्रेन जब थोड़ी देर तक वहां खड़ी रही तब राधेश्याम ने बेटे को फोन कर कहा की वह उन्हें लेने के लिये रानी कमलापति स्टेशन पर न जाये। ट्रेन रूकी होने के कारण में नाके पास ही उतर कर जा रहा हूं। इसके बाद वे ट्रेन से उतरकर जैसे ही पटरी पार करने लगे तभी दूसरी ट्रेन आ गई। जिसकी चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

काम करते समय गिरे युवक की मौत

नये शहर के कोलार थाना इलाके में एक युवक की काम करते समय गिरने के कारण मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ओम नगर में रहने वाला संतोष (34) पुताई का काम करता था। बीते दिन वह ललिता नगर के एक घर में पुताई का काम कर रहा था। इस दौरान अचानक पैर फिसलने के कारण वह जमीन पर आ गिरा। साथ में काम करने वाले लोग उसे फौरन ही इलाज के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसकी मौत हो गई। बताया गया है की गिरने के कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई थी, जिससे उसकी मौत हुई है। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे के कारणो की जांच शुरू कर दी है।

एमपी वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन की आम सभा में प्रस्ताव पारित

नप्र, भोपालः एमपी वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन की आम सभा में संरक्षक अशोक दहायत, अध्यक्ष अनिल बाजपेई, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक राजपूत और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों को विभिन्न पदों पर मनोनीत किया गया। महासचिव के रूप में श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर और सहसचिवों में अनिल पुरोहित सहित अन्य नियुक्त किए गए। सभा में महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इसमें दैनिक वेतन कर्मचारियों और आउटसोर्स स्टाफ को नियमित करना, संविदा प्रथा समाप्त करना, श्रमिकों को बोनस देना, शाखा प्रबंधकों को 5000 रुपये सत्कार राशि, जिला प्रबंधकों को 40,000 रुपये वाहन भत्ता या समकक्ष सुविधा देना शामिल है। इसके साथ ही भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने, हायर पेंशन योजना लागू करने और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। सभा में यह भी निर्णय हुआ कि जिन पेंशनधारियों का निधन हो गया है, उनके विधवा या बालक-बालिकाओं को फंड की पूरी राशि तत्काल प्रदान की जाए।

ब्राइडल ब्यूटी वॉक और वूमेन पॉवर अवॉर्ड का आयोजन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नर्मदापुरम रोड स्थित नंदन पैलेस में तन्वी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा ब्यूटी सेमिनार और वूमेन पॉवर अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भोपाल और आसपास के क्षेत्रों की 200 से अधिक ब्यूटी प्रोफेशनल्स ने भाग लिया।

प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट अनुराग राय, रत्ना श्रीवास्तव और टीना गौर ने लाइव डेमो प्रस्तुत कर आधुनिक मेकअप तकनीकों, स्किन केयर और हेयर स्टाइलिंग के महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए।

इस अवसर पर टेलीविजन अभिनेत्री कांची सिंह, एक्सीलेंस टाइम एंटरटेनमेंट के प्रबंध संचालक हरिओम जटिया और कार्यक्रम की संयोजक बीना श्रीवास्तव उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रतिभागियों के काम की सराहना की और उन्हें निरंतर उत्कृष्टता की ओर प्रेरित किया।

कार्यक्रम में समाज सेवा, शिक्षा, बिजनेस वूमेन, उद्यमिता और कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। अंत में आयोजित ब्राइडल ब्यूटी वॉक में प्रतिभागियों ने विभिन्न ब्राइडल मेकअप के मनमोहक और रचनात्मक रूप प्रस्तुत किए, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंग, शैली और कला का यह संगम कार्यक्रम को यादगार बनाता है।

बहिराणा साहिब के साथ शुरू होगा मोहित लालवानी का लाइव कॉन्सेप्ट

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः राजधानी भोपाल में बुधवार यानी 18 मार्च को भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव की शुरूआत होगी। सिंधु सेना द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शाम 7 बजे भोपाल के स्वागत गार्डन, लालघाटी भोपाल में गायक मोहित लालवानी अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे।

सिंधु सेना के अध्यक्ष एवं कार्यकम के संयोजक राकेश कुकरेजा ने बताया कि 18 मार्च को एक शाम सिंधियत के नाम कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय सिंधी गायक, बॉलीवुड सिंगर मोहित लालवानी मुंबई का लाइव कंसर्ट भगवान झूलेलाल के बहिराणा साहिब के साथ शुरू किया जाएगा, साथ हो कार्यक्रम की शुरुआत डमरू वादको द्वारा भगवान झूलेलाल की भव्य आरती के साथ होगी, इस दौरान रंगारंग आतिशबाजी के साथ फूड स्टाल एवं पारिवारिक वातावरण का समावेश दिखाई देगा। सिंधु सेना द्वारा भोपाल के सिंधी समाज को इस शाम में शामिल होने और सिंधियत की संस्कृति और गौरव के एक यादगार उत्सव का हिस्सा बनने की अपील की है।

संस्कार में गूंजा हनुमान चालीसा का पाठ

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को प्रातःकालीन प्रार्थना के समय सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इसी क्रम में मंगलवार को संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने विद्यार्थियों के साथ चालीसा पाठ किया। चेलानी ने हनुमान चालीसा के माध्यम से अनुशासन, एकाग्रता और समय की पाबंदी के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि समय वह अनमोल धन है जो बीत जाने पर कभी वापस नहीं आता, इसलिए जीवन में सफल होने के लिए समय का सम्मान करना अनिवार्य है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने अपने दैनिक जीवन में समय का सदुपयोग करने का संकल्प लिया।

भोपाल में भिंड भाजपा कोर कमेटी की बैठक, संगठन सुदृढ़ करने पर जोर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोपाल में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में भिंड जिले की भाजपा कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई और आगामी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सुझाव साझा किए, जिन पर सार्थक संवाद के साथ चर्चा की गई। संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने तथा गतिविधियों को जमीनी स्तर तक सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया।

कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और संगठनात्मक समन्वय बढ़ाने के लिए भी जोर दिया गया। इस अवसर पर संगठन के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें कैबिनेट मंत्री और मेहगांव विधायक राकेश शुक्ला, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, संभाग प्रभारी डॉ. अभय यादव, भिंड जिला प्रभारी श्री हमीर सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया, भिंड विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया और महिला एवं स्वसहायता समूह प्रकोष्ठ की संयोजक श्रीमती ममता भदौरिया शामिल रहे।

मुक्तस्वाध्यायपीठम्
(Institute of Open and Distance Education)
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालयः
56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058
Adv. No.-02/2025-2026 Dated:18/03/2026
अधिसूचना/Notification
संस्कृत के विभिन्न विषयों में सहायक प्रोफेसर (अनुबंधात्मक), संस्कृत भाषा शिक्षक और नकनीकी स्टाफ (तकनीकी प्रबंधक, तकनीकी सहायक, वरिष्ठ सलाहकार) के स्थानों के लिए अनुबन्ध के रूप में व्यवस्थिति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाने हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 27-03-2026 है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट (https://www.sanskrit.nic.in/ और https://www.msp.ac.in/) का अवलोकन कर सकते हैं।
cbc 21212/12/0006/2526 निदेशक

कार्यालय नगर निगम भोपाल
यांत्रिकी विभाग, जोन क्र.21 निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र
क्रमांक 54 यां.वि./2026 भोपाल दिनांक 17/03/2026
निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंर्तगत पंजीकृत ठेकेदार पर्सेटेंज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रीत की जाती है ।

क्रं.		कार्य का नाम	अनुमानित राशि	धरोहर राशि	प्रपत्र राशि	ठेकेदार श्रेणी पी.डब्ल्यू डी पंजीकरण	कार्य हेतु	कार्य की
01	2026_U AD_ 490 336_1	CONSTRUCTION OF COMMUNITY HALL NEAR ATAL PARISAR WARD 32 ZONE 21	5,79,3681/-	5,794/-	2000/-	C" class asper centralized registration system of mppwd	MPUADD BUILDINGISSR 2021	2 माह

Interested bidders can view the NIT on website http:// www.mptenders.gov.in/The Bid Document can be purchased only online from 11:00 (Time) (18.03.2026) to 17:30 P.M.
(02.04.2026) Amendments to Nit, if any, would be published on website http://www.mptenders.gov.in/only, and not in newspaper.
नि.. क्र. 3340/025/026 सहायक यंत्री (सिविल) जोन क्रं. 21 नगर निगम भोपाल

न्यायालय तहसीलदार वृत्त-1 तहसील-हुजूर, जिला भोपाल
क्रमांक 411/रीडर-1/सन् 2025-26 भोपाल दिनांक 13/03/2026
खातेदार की विक्रय की उद्घोषणा
क्योंकि संप्रदर्तक मेसर्स सोनिका इंजीनियरिंग एण्ड कस्ट्रक्शन लिमिटेड सीएक सिटी निवासी मकान नबंर-46 मालवीय नगर भोपाल पर देय स्तंभ 5 में निर्देशित भू-राजस्व के बकाया और आदेशिका के शुल्क के लेख में न्यायनिर्णायक अधिकारी (भू-संपदा विनियामक एंव विकास प्राधिकारण म.प्र.) के निग्न 7 अनुसार प्रकरण क्रमांको में वसूली हेतु अनावेदको की स्वत की भूमि कुर्क किया जाना है। क्रमांक, आर.एम. शाखा का पत्र क्रमांक एंव दिनांक, रेरा प्र.क., आवेदक, आर.आर.सी.की राशि रु/-, टिमार्क। क्र.1 प्र.क्र.88 दि.04.09.2019 N-BPL-18-335 श्री संजय सहाय 6,89,823/-, अवमानना प्र.क्र.-सी.ओ. एन.सी.4263/2023 क्र.2 प्र.क्र.68 दि.04.09.2019 N-BPL-18-0338 श्री संजय सहाय 10,32,519/- अवमानना प्र.क्र.सी.ओ. एन.सी.4288/2023 क्र.3 प्र.क्र. 1309 दि.04.09.2019 N-GWL-18-0367 श्री मनीष शर्मा, 93.99,212/- क्र.4 प्र.क्र.-292. दि.23.09.2019 N-BPL-18-1426, श्री राम नरेश मिश्रा 4.71112/- क्र.5 प्र.क्र.403, दि.27.09.2019 N-OTH-18-1554 श्री प्रेम कुमार सहगल 35.47,629/- क्र.6 प्र.क्र. 836, दि.10.12.2019 N-OTH-18-1398 श्रीमति अमीता तिवारी 11.64,965/- क्र.7 प्र.क्र.663.दि.14.10.2021 N-OTH-19-0274 श्रीमति ममता राजे 24.00,882/- क्र.8 प्र.क्र.817, दि.09.12.2019 N-BPL -18-0323 सुश्री गीता जैन 18.37,227/- क्र.9 प्र.क्र.578, दि. 04.07.2020 MRC/53/18 रियल स्टेट रेगुलेटरी अथोरिटी भोपाल 1,00,000/- क्र.10. प्र.क्र.529, दि.29.06.2020 M-BPL-18-1417 श्रीमति प्रिया खत्री 2.67,188/- क्र11. प्र.क्र.509, दि.29.06.2020 N-BPL-18-1369 श्रीमति शशिकांत सिंह एंव श्रीमति प्रभा सिंह 694,141/- क्र.12. प्र.क्र.507, दि.29.06.2020 N-BPL-18-1417 श्रीमति गीना राय 85,418/- क्र.13.प्र.क्र.58. दि.04.09.2019 N-BPL-18-1324 डॉ. तहसीलन शाहिस्ता खान 29,86,444/- अवमानना प्र.क्र.सी.ओ. एन.सी.307/2022 क्र.14. प्र.क्र. 24, दि. 19.01.2021 M-BPL-18-0626 श्रीमति प्रभा पाण्डे 13,20,416/- क्र.15. प्र.क्र.849, दि.21.11.2021 M-BPL-18-1182 श्री धनराज बघवार 1,10,50,102/- अवमानना प्र.क्र.सी.ओ.एन.सी. 6441/2023 क्र.16. प्र.क्र. 884, दि.01.12.2021 N-OTH-18-0330 श्री रितेश कुमार जैन 52.28,700/- क्र.17. प्र.क्र.904. दि. 07.12.2021 M-BPL- 18-0760 श्रीमति भारती 83.280/- क्र18. प्र.क्र. 919. दि.09.12.2021 M-BPL- 18-0771 श्री आशीष प्रधान 83,280/- क्र.19. प्र.क्र. 851, दि. 24.11.2021 N-BPL- 20-0087 श्री सुधीर खरे 26,58,309/-, अवमानना प्र.क्र.सी.ओ.एन.सी. 4353/2025 क्र.20. प्र.क्र.363, दि.04.03.2020 M-BPL- 18-0780 श्री सुबोता साल 64,793/- क्र.21. प्र.क्र. 357. दि.04.03.2020 M-BPL- 18-0773 डॉ. विमला प्रजापति 64,376/- 22. प्र.क्र.919. दि. 12.10.2020 N-BPL-20-0087 श्री सुधीर खरे 15,87,500/- w-p-no-1219282025 अवमनना याचिका सी.ओ.एन.जी.4353/2025 क्र.23. प्र.क्र.541/आर.एम/23 दि.10.11.2023 N-BPL-20-0627 श्रीमती अंजना नन्दा 12,26,722/- **कुल राशि 48,044,038/-** एतद द्वारा उद्घोषणा की जाती है। कि यदि इसमे से विक्रय हेतू नियत दिनांक से पूर्व देय राशि का भुगतान नही कर दिया जाता है तो उसके खातों का विक्रय स्थान तहसील हुजूर जिला भोपाल पर दिनांक 25.03.2026 को समय दोपहर 2.00 बजे या उस समय के लगभग उस रोपित समस्त भारो से तथा उसके वारे में किए गये समस्त अनुदानो एंव संविदाओं से मुक्त रूप से नीलाम व्दारा कर दिया जायेगा। 1.- ग्राम पिपलिया छपरबन्द तहसील हुजूर जिला भोपाल क्रमांक 2-खसरा क्रमांक 285, 291, 261, 264, 322, 324/2/1, 3-रकबा क्रमाशः 1.0300, 0.9600, 0.0800, 0.1500; 0.2600, 0.9200, 0.200, हे. कुल रकबा 1.9900 हे. 4-निर्धारण कलेक्टर गाईडलाईन वर्ष 2024-25 के अनुसार ग्राम पिपलिया छपरबन्द तारासेवनिया का सिंचित/असिंचित कृषि भूमि की राशि 35,00,000/- रूपये हे. के मान से है। 5- बकाया उपरोक्त क्रमांक 1 लगायत 23 तक की कुल राशि रूपये 48,044,038/-की जाना है।
तहसीलदार, तहसील हुजूर भोपाल
3984

In The Court Of V Civil Judge Class-I, District Court, Bhopal
Presiding Officer: श्रीमती मेघा अग्रवाल
(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्र. (MJC SUC/0000040/2026)
विष्णु कुमार त्रिपाठी.....आवेदक VS
राजीव त्रिपाठी.....अनावेदक
Process ID/2026 पेशी दि.: 15/04/2026
प्रेषिती-1. सर्वसाधारण पता सर्वसाधारण 2. आम जनता। आम जनता को सूचित किया जाता है कि विष्णु कुमार त्रिपाठी पता ने मृतक स्व. श्रीमती संध्या त्रिपाठी निवासी ई. 4/398, अररो कालोनी भोपाल की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 15 April 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 15 April 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक- पक्षीय को जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 09 March 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **कृपया ध्यान देः** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।
श्रीमती मेघा अग्रवाल
पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)
3983

कार्यालय राजस्व निरीक्षक वृत्त 06 मिसरोद, तहसील-कोलार जिला-भोपाल म.प्र.
क्रं.02/रा.नि./2026 भोपाल, दिनांक 16/03/2026
सूचना-पत्र
प्रति, 1. श्री हितेश कुमार अग्रवाल आ. जे. आर. अग्रवाल नि. नरसिंह मंदिरमदन महल जबलपुर 2-श्रीमती सुषमा जैन जैन पत्नी अजय प्रकाश जैन पता 169 सेक्टर ई शक्ति नगर भोपाल 3- मैसर्स साई कंस्ट्रक्शन द्वारा भागीदार विद्या सागर त्रिपाठी आ. के. पी. त्रिपाठी दिनेश अग्रवाल आ. स्व. कादूलाल अग्रवाल पता साकेत नगर भोपाल 4- श्री दीपक सेठी पिता स्व. श्री वेदप्रकाश सेठी एवं राजेस सेठी पिता बी. पी. सेठी पता ई. 3/174 अरेरा कॉलोनी भोपाल 5 हल्का पटवारी ग्राम मिसरोद 6- सर्वसाधारण एवं समस्त हितवाद्ध पक्षकार आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार तहसील-कोलार, जिला-भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रमांक-/अ-6+अ/25-26 में आवेदक श्री हितेश कुमार अग्रवाल आ. जे.आर. अग्रवाल निवासी नरसिंह मंदिर, मदनमहल, जबलपुर द्वारा ग्राम मिसरोद प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. 06, मिसरोद तहसील कोलार, जिला भोपाल में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 324/1/2/1/2 रकबा 0.1010 हेक्टेयर कुल रकबा 0.1010 हेक्टेयर का राजस्व-अभिलेख नक्शे में बटांन दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसका न्यायालय के आदेश पालन में राजस्व अभिलेख नक्शे में बटांन दर्ज करने की कार्यवाही का स्थल का सर्वे कर नक्शा बटांन, पंचनामा, सूचना-पत्र के साथ जांच प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है। अतः उपरोक्त कार्यवाही दिनांक 18/03/2026 को आवेदित स्थल पर की जायेगी। जिसके संबंध में सूचना-पत्र जारी किया गया।
राजस्व निरीक्षक
तहसील-कोलार जिला भोपाल म.प्र.
3982

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय कॉलोनी गुंजन पैराडाईज कटारा में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 23,24,28, कुल रकबा 0.290 हैक्टेयर तहसील-कोलार, जिला-भोपाल (मध्यप्रदेश) में स्थित हैं। उक्त आवासीय कॉलोनी में कमजोर आय वर्ग एवं निम्न आय वर्ग हेतु आरक्षित भू-खण्डों की बुकिंग की जानी है। कमजोर आय वर्ग एवं निम्न आय वर्ग हेतु इच्छुक आवेदक कार्यालयीन समयावधि में गुंजन पैराडाईज कटारा हिल्स, भोपाल में संपर्क कर सकते हैं। आवेदन निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों (आय प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों) की प्रमाणित प्रतियों के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अपुर्ण भरे हुए आवेदन पत्र अथवा आवश्यक दस्तावेज संलग्न न होने की स्थिति में आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। बुकिंग पहले आओ पहले पाओं के सिद्धांत के आधार पर की जाऐगी।
गुंजन पैराडाईज कटारा हिल्स भोपाल (मध्यप्रदेश)
Shop No. 307, 3 Floor, Aashima Mall, Hoshangabad Road, Bhopal Ph. (0755) 2985912 Mob. 98264 43671, 94250 17926
3981

आम सूचना
M/S S.I. TRANSPOWER फर्म के भागीदार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म का पंजीयन रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाये भोपाल में पंजीयन क्रमांक 01/01/01/0081/25 दिनांक 26/05/2025 है फर्म के पते मे परिवर्तन किया गया, पूर्व मे पता E-1-158 ARERA COLONY Bhopal (M.P.) 462016 वर्तमान में संशोधित पत्ता Plot No. J.K.28-29 Sec-D, Industrial Area, Govindpura Bhopal (M.P.) 462023 दिनांक 15/12/ 2025 को भागीदारी संशोधन विलेख निष्पादित किया गया। अतः सर्वसाधारण को सूचित हों।
Amit Sharma
M/S S.I. TRANSPOWER
Plot No. J.K.28-29 Sec-D, Industrial Area, Govindpura Bhopal M.P (462023)
3980

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. रतनपुर सड़क तहसील-कोलार जिला भोपाल म.प्र.
रा.प्र.क्र. 0722 अ/-12/2025-26 ग्राम नाम
सूचना-पत्र
प्रति, 1-श्री दुर्गाप्रसाद पिता श्री नन्दकिशोर निवासी भोपाल। 2- श्री प्रेमनारण पिता श्री गणपत लाल निवासी भोपाल। 3- श्री श्रीमती मीरा बाई पाल,